## खबर संक्षेप

### जिला सलाहकार समिति की बैठक आज

**सतना।** गर्भधारण प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी एंड पीएनडीटी) के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक 22 मार्च को दोपहर 12 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने समिति के सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने के लिये कहा है।

### मानवाधिकार सुरक्षा संगठन-भारत महिला जिला इकाई मैहर ने मनाया सम्मान समारोह

**मैहर।** मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा लोकमान्य तिलक स्कूल मैहर में सम्मान समारोह एवं रंगोत्सव कार्यक्रम मनाया गया जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में डॉ हेमंत कुमार डेनियल (प्रदेशाध्यक्ष मानवाधिकार सुरक्षा संगठन भारत) का सम्मान मैहर महिला इकाई मानवाधिकार संगठन की जिला अध्यक्ष शोभा मिश्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मानवाधिकार प्रदेशाध्यक्ष के द्वारा मैहर जिला इकाई के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अध्यक्षसहित सभी कार्यकर्ताओं की सराहना की।कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश खत्री जिला अध्यक्ष सतना मानवाधिकार संगठन भारत ,आर एन त्रिपाठी,विपिन मिश्रा,शोभा मिश्रा जिला अध्यक्ष मैहर,महिला इकाई प्रमिला पिढ़िया,अंजना द्विवेदी,रंजना सोनी,भावना शर्मा,संगीता दुबे,दीपिका शर्मा,मनोरमा शर्मा,पूर्णिमा पांडे नगर अध्यक्ष मैहर निधि तिवारी नगर सचिव कार्यक्रम में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन अजय मिश्रा द्वारा किया गया।

### चोरी गया ट्रैक्टर तालाब के किनारे से बरामद

**कटनी।** बहोरीबंद पुलिस ने चोरी का ट्रैक्टर बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि ग्राम झरौली एवं बंदरचुहा मंदिर के बीच तालाब के किनारे से चोरी गया टैक्टर बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक 19 मार्च को थाना बहोरीबंद में आशीष सेन पिता सुमेरा सेन 26 वर्ष निवासी कुंआ थाना बहोरीबंद ने रिपोर्ट किया कि 18 मार्च 25 की रात्रि करीबन 01 बजे मेरा डाईवर मेरी दुकान आशीष टेडर्स के सामने टैक्टर को खडा कर चाबी मुझे देकर चला गया था। जब मैं सुबह करीब 07 बजे सोकर उठा तो मुझे टैक्टर खडा नही दिखा। फिर आसपास एवं गांव मोहल्ले में तलाश किया था और फायनेंस एजेंसी से पता किया। फायनेंस कंपनी द्वारा भी मेरा टैक्टर नही ले जाना बताया गया। मेरा टैक्टर का नंबर पंजीयन क्रमांक MP 21 AB 3309 है। मेरा टैक्टर कोई अज्ञात चोर द्वारा मेरी दुकान आशीष ट्रैडर्स के सामने से चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर बहोरीबंद पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये ग्राम झरौली एवं बंदरचुहा मंदिर के बीच तालाब के किनारे से चोरी गया टैक्टर MP 21AB 3309 कीमती 4,50,000 रूपये को बरामद किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक सुरेन्द्र शर्मा, सउनि अजय सिंह प्र०आर० रमेश सिंह, आर0 अतुल श्रीवास्तव आर0 दीपक सिंह की भूमिया रही।

### जुआ खेलते चार पकड़ाए

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा अवैध जुआ सट्टा खेलने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा, थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पांडे ने अपनी टीम के साथ एक जुआ फड़ पर छापा मार कार्यवाही करते हुए जुआरियों के खिलाफ करवाई की। कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम करहिया कला में कुछ लोग रूपये-पैसो का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी तो कुछ लोग जुआ खेल रहे थे।

# मवेशियों को ट्रकों में ठूंस कर ले जा रहे आरोपी पकड़े गए

**सतना।** गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात एक बड़ी कार्यवाही में कोठी थाना प्रभारी ने पशु तस्करों के विरुद्ध 2 प्रकरण पंजीबद्ध किये हैं। कार्यवाही में पुलिस ने 21 नग भैंस व 39 नग पड़वा कुल 60 पशुओं सहित 2 ट्रकों को जप्त कर राजसात की कार्यवाही के लिये प्रतिवेदन भेजा है। जब्त किये गये सामान की कीमत लगभग 58 लाख रुपये बतायी गयी है।



घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 20-21 मार्च की दरम्यानी रात टीआई कोठी को मुखबिर से सूचना मिली कि दो ट्रकों से बड़ी संख्या में पशुओं की तस्करी की जा रही है। जिसके आधार पर पुलिस ने सतना चित्रकूट बाईपास रोड कोठी में ट्रक क्र. एमपी 53 जीए 4361 को रुकवाया, तो ट्रक रुकते ही चालक एवं उसके 2 साथी भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हे घेराबंदी करके पकड़ा गया। उक्त ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक से 20 नग भैंस व 18 नग पड़वा कुल 38 नग पशु क्रूरता पूर्वक लदे हुये पाये गये। पूछताछ पर आरोपियों ने ट्रक में भरे पशुओं को बेचने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश ले जाना बताया। पशु खरीदने-बेचने व परिवहन करने के संबंध में कोई कागजात पेश नहीं किये जो आरोपियों के कब्जे से ट्रक व भैंस-पड़वा कुल कीमती करीब 27 लाख 50 हजार रु.का माल जप्त कर पशु क्रूरता अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। उसी रात दूसरे ट्रक को भी कोठी पुलिस टीम ने पशु तस्करी करते हुये पीछा करके पकडन्ने में सफलता प्राप्त की। 20-21 मार्च की दरम्यानी रात मुखबिर सूचना के आधार पर सतना चित्रकूट रोड में ठाड़ी पाथर नयागांव के पास ट्रक क्र. यूपी 90 टी 4514 को पुलिस द्वारा रुकवाने का प्रयास किया तो ट्रक का चालक अपने ट्रक को थाडीपाथर नयागांव की ओर भागने लगा,जिसका पीछा करते हुए पुलिस ने ठाड़ीपाथर नयागांव के बीच में ट्रक रुकवाया। वाहन रुकते ही ट्रक चालक एवं उसका साथी भागने लगे जिन्हें घेराबंदी करके पकड़ा गया।इस ट्रक में भी तलाशी लेने पर 21 नग पड़वा 1 नग भैंस कुल 22 नग पशु क्रूरता पूर्वक लदे हुये पाये गये। पूछताछ पर आरोपियों ने ट्रक में भरे पशुओं को बेचने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश ले जाना बताया गया तथा पशु खरीदने-बेचने व परिवहन करने के संबंध में कोई कागजात पेश नहीं किये गये जो आरोपियों के कब्जे से ट्रक व भैंस-पड़वा कुल कीमती करीब 30 लाख 50 हजार रुपये का माल जप्त कर पशु क्रूरता अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत कार्यवाही की गई।इस कार्यवाही में अलताफ खान पिता मदीना खान उम्र 33 वर्ष निवासी छवारी थाना मझौली जिला सीधी,राजेश प्रसाद रैदास पिता मचल रैदास उम्र 30 वर्ष निवासी अमझोर थाना जयसिंहनगर जिला शहडोल,इलताफ खान पिता जिमी खान उम्र 26 वर्ष निवासी छवारी थाना मझौली जिला सीधी,अहसान खान पिता आशिक खान 28 साल निवासी लहुरेटा थाना नरैनी जिला बांदा उ.प्र.,संतलाल यादव पिता बरातीलाल यादव 42 साल निवासी पठकन टोला नरैनी थाना नरैनी जिला बांदा उ.प्र. एवं फरीद खान पिता रफीक खान निवासी रंजीतपुर नरैनी थाना नरैनी जिला बांदा उ.प्र.है।



# ईओडब्ल्यू ने रोजगार सहायक को रिश्वत लेते पकड़ा

**सतना।** एक रोजगार सहायक को ईओडब्ल्यू की टीम ने घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। मामला ग्राम पंचायत सोहौला,जनपद पंचायत सोहावल का है।जहां पदस्थ रोजगार सहायक पंकज तिवारी को आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) रीवा की टीम ने 5,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सोहौला के कृषक भगवान दास चौरसिया ने रोजगार गारंटी योजना के तहत वाटर टैंक और दो नालियां बनवाने के लिए आवेदन किया था। इस कार्य की कुल लागत 1,60,000 रुपये थी,लेकिन रोजगार सहायक पंकज तिवारी ने इस योजना के तहत राशि स्वीकृत करने के लिए रिपोर्ट और आईडी जारी करने के बदले में रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद ईओडब्ल्यू रीवा की टीम ने जाल बिछाया। जैसे ही फरियादी भगवान दास चौरसिया रिश्वत की राशि लेकर ग्राम पंचायत बाबूपुर स्थित संस्कृत विद्यालय के सामने पहुंचा, वैसे ही रोजगार सहायक पंकज तिवारी ने उससे पैसे ले लिए। ठीक उसी समय,ईओडब्ल्यू की टीम ने दबिश देकर उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। ईओडब्ल्यू ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## युवाओं ने नगर निगम आयुक्त को आवेदन सौंपा

# दुष्कर्मी का आवास आवंटन रद्द करने की मांग



**सतना।** ढाई साल की मासूम से दुष्कर्म के आरोपी के फ्लैट का आवंटन रद्द करने की मांग करते हुए युवाओं ने नगर निगम आयुक्त को आवेदन सौंपा है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि ऐसे व्यक्ति की मौजूदगी से उन्हें अपने बच्चों की सुरक्षा की चिंता सताती रहेगी। आरोपी पहले से ही पुलिस की गिरफ्त में है। जल्द ही उसे अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि गुरुवार दोपहर करीब ढाई बजे आवासीय कॉलोनी में आरोपी आकाश सोनी उर्फ छोटू ने मासूम के साथ दुष्कर्म किया था। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर जब उसकी मां ने उससे पूछताछ की उसके बाद मामला सामने आया। इसके बाद पीड़िता की मां ने कोलगवां थाने में आरोपी पर बीएनएस की धारा 65(2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5 एम व 6 के तहत मामला दर्ज कर,परीक्षण कराने के बाद उसे गिरफ्तार किया।

# मऊगंज हत्याकांड के विरोध में बिरसिंहपुर बंद रहा





### पीड़ितों को 1 करोड़ की मदद और आरोपियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाने की मांग

**सतना।** मऊगंज में हुए उपद्रव में शहीद एएसआई रामचरण गौतम और सनी द्विवेदी की हत्या के विरोध में बिरसिंहपुर बंद रहा। ब्राह्मण संगठनों के आह्वान पर व्यापारियों ने भी बंद का समर्थन किया। समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्र होकर नगर की गलियों और चौराहों पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। बंद का व्यापक असर पूरे नगर में देखा गया।

### घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग

सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एसडीओपी चित्रकूट,सभापुर पुलिस और कई अन्य थानों का पुलिस बल तैनात रहा। ब्राह्मण समाज ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इसमें मृतक शनि द्विवेदी के परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग की गई। साथ ही आरोपियों को कड़ी सजा और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग भी की गई।

# पेयजल समस्या के लिए जनपदवार बैठक कर योजना बनायें: कलेक्टर

### 50 लाख रूपये से अधिक के कार्यों की समीक्षा

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने शुक्रवार को विभिन्न निर्माण विभागों द्वारा संचालित 50 लाख रूपये से अधिक लागत की परियोजना एवं कार्यों की समीक्षा बैठक में ग्रीष्मकाल में पेयजल की सुचारू उपलब्धता के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और जनपद के अधिकारियों को मैदानी कर्मचारियों के साथ बैठकर नल जल योजनाओं एवं हैण्डपम्पों की स्थिति की निरंतर समीक्षा करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि हैण्डपम्प तकनीशियन एवं विभागीय अमले के साथ बैठकर पेयजल की समस्या के निदान के लिए कार्य योजना तैयार करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,एसडीएम सुधीर बेक,आरएन खरे,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एलके तिवारी,कार्यपालन यंत्री पीएचई डीएल कनेल,लोक निर्माण बीआर सिंह,जिला शिक्षा अधिकारी टीपी सिंह,कार्यपालन यंत्री आरईएस सीएल साकेत,सीएमओ चित्रकूट विशाल सिंह एवं जल निगम के अधिकारी उपस्थित थे। पेयजल की समीक्षा में कार्यपालन यंत्री ने बताया कि सतना जिले में 16055 हैण्डपम्प स्थापित हैं। जिनमें 14693 क्रियाशील और 1362 बंद है। जल स्तर गिरने से 986 हैण्डपम्प बंद है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत मझगवां, सोहावल,नागौद में 179 सिविल,55 मैकेनिकल मिलाकर कुल 232 नल जल योजनायें स्वीकृत है। इनमें 181 योजनायें पूर्ण होकर 154 योजनायें,पंचायतों को हस्तांतरित कर दी गई हैं। 47 योजनाओं में अभी काम चल रहा है। जिन्हें मई 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। नागौद क्षेत्र के सहायक यंत्री ने बताया कि ग्राम पंचायत सिंहपुर अहिरगांव,एवं सोहावल क्षेत्र की बडी पंचायतों में तीन फेस लाइट 10 घंटे मिलने से ओव्हर हैण्ड टैंक नहीं भर पाते हैं। कलेक्टर ने विद्युत मण्डल के अधिकारियों से समस्या निराकृत करने को कहा। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति के कारण पेयजल समस्या नहीं होनी चाहिए। इसी तरह बंद ट्रांसफार्मर वाले नल जल योजनाओं के गांवों में ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर बदलने के लिए न्यूनतम राशि जमा कराने प्रोत्साहित करें।कलेक्टर ने विद्युत विभाग को जिले में बंद पडे ट्रांसफार्मरों की स्टेटस रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने को कहा है। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि ग्राम स्तर से शिकायतों के संकलन के लिए ब्लाक स्तर पर पंजी का संधारण किया जायेगा और दर्ज शिकायत पर 24 घंटे में निराकरण होगा। कार्यपालन यंत्री पीएचई ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपम्प और नल जल योजनाओं के सुधार के लिए 23 वाहन लगातार चल रहे हैं। ग्रीष्मकाल में समस्यायें बढने पर वाहनों की संख्या बढाई जायेगी। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने लोक निर्माण विभाग,शिक्षा,पीआईयू,स्वास्थ्य, प्रधान मंत्री ग्राम सडक,जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे 50 लाख रूपये से अधिक के निर्माण कार्यों में प्रगति लाकर गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निर्माण विभाग के अधिकारी फील्ड में जाने पर कौन सी गतिविधि संपादित की इसकी संक्षिप्त रिपोर्ट डिस्ट्रिक्ट ग्रुप में भी शेयर करें।



# सरपंच से लूट के 3 आरोपी गिरफ्तार,एक फरार







**सतना।**

उचेहरा पुलिस ने सरपंच के साथ लूटपाट करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी फरार है। जिसकी सरगर्मी के साथ तलाश की जा रही है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम धीरेन्द्र लोधी सिंगरौल पिता छोटेलाल लोधी,उम्र 20 वर्ष निवासी मड़ई धनवाही मैहर,मलेंद्र पटेल उर्फ राज सिंह पिता धीरेन्द्र पटेल,उम्र 18 वर्ष निवासी सोनवारी टोल प्लाजा मैहर और भागचंद पटेल पिता फूलचंद्र पटेल,उम्र 20 वर्ष निवासी लढ़ौती मैहर है। फरार आरोपी का नाम मोंटू पाल बताया गया है। उल्लेखनीय है कि फरियादी सरपंच महेन्द्र सिंह पिता पुरुषोत्तम सिंह गोड 40 वर्ष निवासी गढ़ौत को आरोपियों ने उस वक्त लूट लिया था जब वह अपने घर जा रहे थे। आरोपियों ने स्कूटर और नकदी रुपए छीन लिए थे। सरपंच से लूटी गई स्कूटी,एक मोटरसाइकिल,तीन मोबाइल फोन 9000 नगद एक 12 बोर कट्टा व जिंदा कारतूस पुलिस ने पकड़ा है।

# अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें उपभोक्ता, विश्व उपभोक्ता दिवस पर कार्यशाला संपन्न

**सतना।** विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित उपभोक्ता संरक्षण की कार्यशाला में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,जिला उपभोक्ता फोरम की सदस्य विद्या पाण्डेय,जिला आपूर्ति अधिकारी सम्यक जैन,नापतौल विभाग,खाद्य सुरक्षा,वेयर हाउस,कोआपरेटिव बैंक,एमपीईबी,पेट्रोल पम्प,गैस एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला में उपभोक्ताओं को विश्व उपभोक्ता दिवस की बधाई देते हुए बताया गया कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए व्यापक अधिकार और उल्लंघन पर कठोर प्रावधान किए गए हैं। उपभोक्ताओं को अपने हितों के संरक्षण के लिए जागरूक रहना चाहिए। उपभोक्ता फोरम को अब आर्थिक क्षेत्राधिकार के तहत एक करोड़ रुपए तक के मामले सुनने के अधिकार दिए गए हैं। पहले यह सीमा 20 लाख रुपए तक निर्धारित थी। विक्रेता को दोषी पाए जाने पर दाण्डिक प्रावधान भी शामिल किए गए हैं।




ऑनलाइन खरीदी-विक्रय के संबंध में भी उपभोक्ता फोरम शिकायतें सुनता है। यदि उपभोक्ता जिला फोरम के निर्णय से असंतुष्ट है, तो वह 45 दिवस के भीतर राज्य उपभोक्ता आयोग को अपील कर सकता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ता अपनी शिकायत 14404 या 1800-11-4000 (टोल-फ्री) नंबर पर भी दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अब परिवादी जहां निवास करता है, उस जिले से भी अपनी शिकायत अनावेदक के विरुद्ध करा सकता है। उपभोक्ता फोरम में 5 लाख रूपये तक के मामले में कोई भी फीस या स्टॉम्प चार्जेज नहीं लगते हैं। नापतौल विभाग के अधिकारी ने बताया कि संस्थान एवं विक्रेता दुकानों में नापतौल के सभी प्रकार के उपकरण सत्यापित होने चाहिए। विभाग द्वारा समय-समय पर कैंप लगाकर नापतौल के उपकरणों का सत्यापन कर सील लगाता है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने वाले खाद्य पदार्थों को ही उपभोक्ता क्रय करें। एफएसएसएआई का लोगो और डेट ऑफ एक्सपायरी कोई भी खाद्य पदार्थ खरीदते समय अवश्य देखें। चलित प्रयोगशाला में 10 रूपये की शुल्क देकर कोई भी व्यक्ति खाद्य नमूनों की जांच करा सकता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। विश्व उपभोक्ता दिवस प्रतिवर्ष 15 मार्च को मनाया जाता है। इस बार होली अवकाश की वजह से 21 मार्च को मनाने के निर्देश दिये गये थे।

## खबर संक्षेप





## जिला पंचायत सीईओ ने निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

*नवीन स्वीकृत आवासों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए निर्देश*

**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने शुक्रवार को जिले की गुनौर, पवई एवं शाहनगर विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया और निर्माणाधीन विकास कार्यों के संबंध में अधिकारियों के साथ चर्चा कर गुणवत्तापूर्ण कार्य और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। साथ ही 28 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत नवीन आवासों के निर्माण में भी गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए निर्देशित किया। आवास योजना के हितग्राहियों से संवाद कर समस्याओं का निराकरण किया। जिपं सीईओ ने पटनातमोली के नवीन ग्राम पंचायत भवन का अवलोकन कर ग्रामवासियों की सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। सीईओ श्री मरावी ग्राम पंचायत घुटेही, मोहली धरमपुरा, कल्दा, श्यामगिरि एवं मैन्हा पोंड़ीकला भी पहुंचे और आदिवासी समुदाय की महिलाओं द्वारा संचालित मुर्गीपालन गतिविधियों का जायजा लिया। महिलाओं से आजीविका व आर्थिक लाभ के संबंध में संवाद कर मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण भी किया। उन्होंने मनरेगा एवं डीएमएफ फंड से संचालित निर्माण कार्यों के संबंध में निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय कृषक सेमिनार का आयोजन



**पन्ना।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अंतर्गत कृषि विभाग के जिला कार्यालय के प्रशिक्षण हॉल में आज जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन द्वारा की गई। दो दिवसीय कार्यशाला के मौके पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक पी.एन. त्रिपाठी ने उद्यानिकी फसलों में जैविक खाद और कीटनाशक के उपयोग सहित कृषकों को उद्यानिकी फसलों की खेती आधुनिक तरीके से करने की सलाह दी। अन्य विशेषज्ञों द्वारा भी किसानों को फल एवं सब्जी में लगने वाले रोग, कीटों से बचाव के लिए जैविक दवाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। सहायक संचालक उद्यान पी.के. श्रीवास्तव ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर विभाग के पोर्टल पर अधिकाधिक पंजीयन कराने की सलाह दी। इसी तरह उप संचालक कृषि द्वारा जैविक तरीके से सब्जी उत्पादन और स्वयं के द्वारा जैविक खाद एवं कीटनाशक के निर्माण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पन्ना, पवई एवं गुनौर के लगभग 110 कृषक शामिल हुए। सेमिनार का समापन शनिवार को होगा।

# बखत सिंह ठाकुर को अजयगढ़ थाना प्रभारी के रूप में दूसरी बार दी गई जिम्मेदारी, संभाला प्रभार



**पन्ना।** डीएसबी शाखा पन्ना में पदस्थ रहे निरीक्षक बखत सिंह को अजयगढ़ थाना की कमान पुलिस अधीक्षक द्वारा सौपी गई है। बखत सिंह पूर्व में भी अजयगढ़ थाना के प्रभारी रह चुके है। इसके पूर्व वह ब्रजपुर थाना प्रभारी भी रहे है जहाँ पर उन्होंने षिक्षा के माध्यम से गरीब बच्चों के लिये अनेक प्रकार से सहयोग किया गया था तथा क्षेत्रिय बच्चों के लिये पुस्तकालय खोल कर स्वयं षिक्षा प्रदान की तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये पुस्तकें उपलब्ध कराते हुये षिक्षा की अलख जगाई थी इस प्रकार उनके द्वारा समाजिक गतिविधियॉ भी संचालित की जाती है। तथा वह अपने कार्य के प्रति संवेदनषील रहते हुये आम जनता से भी बेहतर संबंध स्थापित करने के लिये जाने जाते है। पुलिस विभाग में आपकी कार्यप्रणाली अलग ही जानी जाती है सादगी के साथ-साथ आम जनता में बेहतर संपर्क साथ-साथ संवेदनशीलता वहीं समय पर आम जनता के बीच में पहुंचने को लेकर जो जाने जाते है पुलिस की छवि के साथ-साथ जिनकी सोच आम जनता में कुछ हटकर करने को लेकर जानी जाती है। तभी तो अजयगढ़ थाने में दूसरी बार जिम्मेदारी प्रभार के रूप में सोंपी गई है। पिछली बार जब अजयगढ़ से हटाया गया था तो तरह-तरह की चर्चायें आम जनता में व्याप्त हो गई थी एक बार फिर आम जनता के लिये यह बेहतर समय माना जा रहा है। जिस तरह से जनता के भरोसे को कायम करने में आपकी कार्य प्रणाली जो जानी गई थी शायद वह और भी विश्वसनीयता को बढायेगी।

## स्वाथ्य विभाग के कर्मचारी के साथ मारपीट करने वाला सहायक उप निरीक्षक निलंबित



**पन्ना।** गत दिवस शाहनगर स्वाथ्य केद्र में पदस्थ कर्मचारी जो तेहरीर लेकर थाना सूचना देने गया था उसके साथ शाहनगर थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक अवधराज उइके द्वारा मारपीट की गई थी जिसकी षिकायत संबंधित द्वारा एसडीओपी पवई तथा थाना प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक से की थी मामले को गम्भीर मानते हुये पुलिस अधीक्षक एस साई कृष्ण थोटा द्वारा संबंधित सहायक उपनिरीक्षक पर कार्यवाही करते हुये निलबित कर दिया गया है।

## सलेहा में पानी कि बूंदा बांदी जारी, खुशनुमा हुआ मौसम

किसानों कि फसलें प्रभावित हो रही है



**पन्ना।** सुबह से पन्ना नगर में हल्की बूंदा बारी शुरू किसानों का हो सकता है भारी नुकसान बे मौसम बरसात के कारण किसान फंसे आफत में हम आपको बता दें कि बिन मौसम बरसात से जहां प्रदेश में किसान फांसी लगा लेते हैं तो वहीं इस बार भी सर पर खतरा मंड ला रहा है शाहनगर में भी 2 दिन पहले बारिश और ओले देखे गए आप मंदिरों की नगरी पन्ना नगर में भी बूंदाबांदी देखी गई कि सानकी कहीं ना कहीं चिंताएं बढ़ गई है अब देखना यह है कि अन्नदाता के ऊपर भगवान मेहरबानी करता है या नहीं।

पहले जलाना है फिर मनाना है - ब्रह्माकुमारी बहन जी

# मनोविकारों के दहन का पर्व है होली - ब्रह्माकुमारी बहनजी



**पन्ना।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में होली का त्योहार आध्यात्मिक रीति से उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बहनजी ने सभी को होली की शुभकामनाएँ देते हुए इसके आध्यात्मिक रहस्य को समझाया। उन्होंने कहा कि यह रंगों का पर्व हमारे मन में उमंग, उत्साह और खुशियाँ भर देता है, लेकिन सभी त्योहारों की तरह इसमें भी गहरा आध्यात्मिक संदेश निहित है। जब हम इन रहस्यों को जानकर त्योहार मनाते हैं, तो उनका महत्व और भी बढ़ जाता है। बहनजी ने बताया कि होली की शुरुआत होलिका दहन से होती है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। पौराणिक कथा के अनुसार, भक्त प्रहलाद को उसकी बुआ होलिका अग्नि में लेकर बैठी थी, लेकिन स्वयं जलकर राख हो गई, जबकि प्रहलाद सुरक्षित रहे। इस कथा का आध्यात्मिक अर्थ यह है कि प्रहलाद अच्छाइयों का प्रतीक हैं और होलिका बुराइयों का। अच्छाइयों को कोई भी जलाने का प्रयास करे, वे समाप्त नहीं हो सकतीं। इसी प्रकार, परमात्मा शिव हमें यही श्रीमत देते हैं कि हमें अपने भीतर की बुराइयाँकृईर्ष्या, नफरत, काम, क्रोध, वासना और आसुरी वृत्तियों को योग अग्नि, अर्थात परमात्मा की स्मृति की ज्वाला में नष्ट कर देना चाहिए। होली का वास्तविक अर्थ पवित्रता से जुड़ा है। जब हमारे अंदर की बुराइयाँ जल जाती हैं और आत्मा पवित्र हो जाती है, तब हमारा शुद्धिकरण हो जाता है और हम परमात्मा के समीप आ जाते हैं। इस दिव्य संग का रंग जब आत्मा पर चढ़ जाता है, तो व्यक्ति जीवन की किसी भी परिस्थिति से प्रभावित नहीं होता। बहनजी ने इस पावन पर्व पर सभी से एक बुराई के दहन का संकल्प लेने का आह्वान किया और श्रेष्ठ गुणों एवं शक्तियों के रंग में रंगने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सैकड़ों भाई-बहनों ने भाग लिया और सभी ने एक-दूसरे को गुलाल एवं फूलों की वर्षा कर शुभकामनाएँ दीं। इस आध्यात्मिक होली महोत्सव ने सभी उपस्थित जनों के मन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार किया।

# जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन




**पन्ना।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन तथा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड व सचिव राजकुमार गौड़ की अध्यक्षता में आज जिला जेल पन्ना में बंदियों के मध्य विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालन में जिला जेल द्वारा की जा रही कार्यवाही संबंधी जानकारी ली गई तथा बंदियों के जमानत आदेश जेल प्रबंधन को प्राप्त होने के सात दिवस में संबंधित बंदी की रिहाई नहीं हो पाने पर अविलंब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचित किए जाने संबंधी दिशा निर्देश दिए गए। बंदियों को जेल में अनुशासन बनाए रखने व स्वयं के व्यवहार में आवश्यक सुधार लाने हेतु प्रेरित किया गया। अधिवक्ता की निःशुल्क सेवा के लिए जेल प्रशासन के माध्यम से आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करने के बारे में भी बताया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते द्वारा उपस्थित बंदियों को दंड प्रकिया संहिता 1973 के अध्याय 21-ए में प्ली-बारगेनिंग के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही जेल लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य मामलों में समझौता के जरिए सुलह करने की सलाह दी। बंदियों के विधिक अधिकारों एवं कर्त्तव्यों तथा लोक अदालत, मध्यस्थता एवं बंदियों के अधिकारों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। प्रभारी जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा ने बंदियों को शिविर से प्राप्त विधिक जानकारी को अमल में लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## संभागायुक्त ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के अपूर्ण निराकरण पर जनपद पंचायत सीईओ एवं प्रभारी सीईओ की वेतनवृद्धि रोकी

*जिले की तीन जनपद पंचायत गुनौर, पवई और शाहनगर के सीईओ एवं प्रभारी सीईओ की एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने कि की गई कार्यवाही*

**पन्ना।** संभाग आयुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का अपूर्ण निराकरण एवं शिकायतें लंबित रहने पर कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के उपरांत पन्ना जिले की तीन जनपद पंचायत गुनौर, पवई और शाहनगर के सीईओ एवं प्रभारी सीईओ की एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्रवाई की है। कमिश्नर कार्यालय से जारी आदेश अनुसार अखलेश कुमार उपाध्याय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पवई की एल 1 अधिकारी स्तर पर कुल शिकायतें 232 लंबित हैं, जिनमें 100 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतें (पंचायतीराज, श्रम, सामाजिक न्याय, सूचना प्रौद्योगिकी समग्र) विभाग अंतर्गत विषय की 26 हैं तथा माह दिसम्बर 2024 में प्राप्त लंबित शिकायतें 282 हैं। संबंधित के द्वारा शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण नहीं किया गया है, जिससे माह दिसम्बर 2024 में इनका ग्रेडिंग वेटेज स्कोर 76.76 प्रतिशत के साथ रेटिंग बी है। इसी तरह धीरज चौधरी, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुनौर की एल 1 अधिकारी स्तर पर कुल शिकायतें 223 लंबित हैं, जिनमें 100 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतें (पंचायतीराज, श्रम, सामाजिक न्याय, सूचना प्रौद्योगिकी समग्र) विभाग अंतर्गत विषय की 31 हैं तथा माह दिसम्बर 2024 में प्राप्त लंबित शिकायतें 253 हैं। संबंधित के द्वारा शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण नहीं किया गया है, जिससे माह दिसम्बर 2024 में इनका ग्रेडिंग वेटेज स्कोर 77.22 प्रतिशत के साथ रेटिंग बी है, जबकि रोहित मालवीय प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शाहनगर की एल 1 अधिकारी स्तर पर कुल शिकायतें 271 लंबित हैं, जिनमें 100 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतें (पंचायतीराज, श्रम, सामाजिक न्याय, सूचना प्रौद्योगिकी समग्र) विभाग अंतर्गत विषय की 32 हैं तथा माह दिसम्बर 2024 में प्राप्त लंबित शिकायतें 270 हैं। संबंधित के द्वारा शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण नहीं किया गया है, जिससे माह दिसम्बर 2024 में इनका ग्रेडिंग वेटेज स्कोर निरंक के साथ रेटिंग सी है। उक्त संबंध में तीनों अधिकारियों से जवाब चाहा गया था। प्राप्त जबाव के अवलोकन एवं परिशीलन उपरांत पाया गया कि जिला स्तर से प्रत्येक सप्ताह समय सीमा बैठकों तथा दूरभाष एवं पत्रों के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों के निराकरण के निर्देश जारी किए जाने के उपरांत भी तीनों अधिकारियों के द्वारा एल 1 अधिकारी स्तर पर अधिक मात्रा में शिकायतें लंबित रखी गई एवं 100 दिवस से अधिक दिनों की लंबित शिकायतों की संख्या भी अधिक है। साथ ही उक्त अधिकारियों द्वारा माह दिसम्बर 2024 में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण नहीं किया गया, जिससे माह दिसम्बर 2024 में उनकी रेटिंग में गिरावट आई है। जबाव समाधानकारक नहीं पाए जाने के आधार पर संभाग आयुक्त डॉ. रावत ने शासन की अतिमहत्वपूर्ण योजना सीएम हेल्पलाइन के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर तीनों अधिकारियों की आगामी एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी है।

**देवेन्द्रनगर एवं सलेहा थाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा की गई कार्रवाई**

# पन्ना पुलिस ने उड़ीसा से अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले 2 गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

**आरोपियों के कब्जे से 14 किलो 705 ग्राम गांजा कीमती करीब 03 लाख रुपये एवं परिवहन मे प्रयुक्त एक स्विफ्ट कार कीमती करीब 05 लाख रुपये की जप्त।**




**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को मादक पदार्थ (गाँजा) का परिवहन, विक्रय, उत्पादन एवं भण्डारण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रो मे मुखविर तंत्र को सक्रिय किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक हरवचन कुड़ापे को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक स्विफ्ट कार मे कुछ लोग अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर मैहर तरफ से देवेन्द्रनगर तरफ आ रहे है। थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर द्वारा मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक हरवचन कुड़ापे के नेतृत्व मे थाना प्रभारी सलेहा उनि अनिल सिंह राजपूत को शामिल करते हुये देवेन्द्रनगर एवं थाना सलेहा की संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया। उक्त पुलिस टीम द्वारा बिना देरी किए तत्काल पन्ना-सतना रोड नुनाही पेट्रोल पम्प के पहले वाहन चेकिंग लगाकर आने-जाने वाले वाहनों को चौक किया गया एवं स्विफ्ट कार के आने का इंतजार किया गया कुछ समय बाद एक स्लेटी कलर की स्विफ्ट कार नागौद तरफ से आती दिखी जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकवाया गया कार को रुकवाते ही कार मे सवार व्यक्ति कार से उतरकर भागने लगे जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया और उनके नाम पता पूछे गये जिन्होने अपना नाम इस्लाम मोहम्मद पिता इख्तयार मोहम्मद एवं शाहिद पिता मोहम्मद शहीद बताया गया। पुलिस टीम द्वारा कार की तलाशी लेने पर गाड़ी के डिग्गी में दो सफारी कम्पनी के सूटकेश मिले, एक सूटकेश में पीले रंग के टेप से बने हुए सात पैकेट एवं दूसरे सूटकेस में पीले रंग के टेप से बने हुए 8 पैकेट भरे मिले, उक्त पैकटो को खुलवाकर देखने पर उनमे अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा आरोपियो के कब्जे से 14 किलो 705 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं परिवहन मे प्रयुक्त स्विफ्ट कार डच्53ब3599 को जप्त करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया । उक्त आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गाँजा के संबध मे पूछताछ किए जाने पर आरोपियों के द्वारा बताया गया कि उक्त गाँजा उडीसा से सस्ते दामो मे बिक्रय हेतु लाया गया है । आरोपियों के विरूध्द थाना देवेन्द्रनगर मे अपराध क्रमांक 138/25 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. का कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया।

**'गिरफ्तार आरोपी'** - 1. इस्लाम मोहम्मद पिता इख्तयार मोहम्मद उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्र.4 तलैया मोहल्ला देवेन्द्रनगर जिला पन्ना म.प्र.। 2. शाहिद पिता मोहम्मद शहीद उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम कनकी चौकी बिलहटी थाना कुठला जिला कटनी म.प्र.।

'जप्त सामग्री' - पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से 14 किलो 705 ग्राम कीमती करीब 03 लाख रुपये एवं परिवहन मे प्रयुक्त स्विफ्ट कार डच्53ब3599 कीमती करीब 05 लाख रुपये की जप्त।

**'सराहनीय योगदान'** - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक हरवचन कुड़ापे,थाना प्रभारी सलेहा उनि. अनिल सिंह राजपूत,उनि. जे.पी. अहिरवार,सउनि देवेन्द्र नायक,भैयामन सिंह प्र.आर. धीरेन्द्र सिंह,रावेन्द्र पाण्डेय,आदित्य कुशवाहा,आर. भरत पाण्डेय,अवनीश गौतम,अमित बागरी,अजय,देवराज पटेल, अमर सिंह, जयदेव गौतम राहुल पटेल सायबर सेल से प्र.आर. राहुल सिंह,आशीष अवस्थी,धर्मेन्द्र सिंह, आर. राहुल पाण्डेय,नितिन सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

**कलेक्टर ने पेंशनर्स का किया सम्मान**

# अल्पविराम परिचय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस पर राज्य आनंद संस्थान के तत्वाधान में जिला पेंशन कार्यालय द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर सुरेश कुमार ने कार्यशाला में वयोवृद्ध पेंशनर्स किशोरीलाल, जगदीश खरे, राजेन्द्र खरे, बद्री चौरसिया एवं छोटेलाल साहू सहित अन्य पेंशनर का शॉल एवं माला पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर जिला कलेक्टर ने कहा कि आनंद विभाग का यह अभिनव प्रयास सराहनीय है। वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में उन्होंने कहा कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों के दृष्टिकोण में बदलाव लाना है। प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना होगा कि आर्थिक विकास ही आवश्यक नहीं है, बल्कि लोगों की खुशहाली और सुख को बढ़ाना मिलना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा सुख निरोगी काया है। जीवन में खुशहाली के साथ अच्छा स्वास्थ्य भी आवश्यक है। युवा पीढ़ी को भी इस विषय पर चिंतन की जरूरत है। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी लक्ष्य की पूर्ति के लिए कार्यों की समीक्षा और निरंतरता महत्वपूर्ण है। समस्त पेंशनर्स से नवीन पीढ़ी को अपने अनुभव का लाभ प्रदान करने तथा समाज विशेषकर शासकीय सेवकों को दायित्व निर्वहन एवं कार्य संपादन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने का आह्वान भी किया। सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं जिला संपर्क व्यक्ति प्रमोद अवस्थी ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में अवगत कराया। साथ ही आनंद की शुरूआत घर से करने एवं आनंद प्राप्त करने के लिए निरंतर सार्थक प्रयास की बात कही। जिला स्तरीय कार्यशाला में अल्पविराम एवं विमर्श सत्र सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। उपस्थितजनों ने खुश रहने के तरीके और खुशहाली के बारे में अपने अनुभव साझा किए। अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस की इस वर्ष की थीम देखभाल और साझा करना निर्धारित थी। इस अवसर पर जिला पेंशन अधिकारी ओ.पी. गुप्ता सहित सहायक पेंशन अधिकारी मुकेश साहू एवं अन्य विभागीय अधिकारीगण, आनंदम सहयोगी सुरेश त्रिपाठी एवं निर्मल मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को भाजपा संगठन प्रदेश महामंत्री ने पहुंचाया स्वास्थ्य केंद्र







**पन्ना।** अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग गुंदलहा नाला के पास शुक्रवार की सुबह एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है जिसमें एक बाइक चालक एवं बाइक में बैठी महिला गंभीर रूप से घायल है प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल अरविंद पिता रामजनक तिवारी निवासी करिया उम्र 40 वर्ष पन्ना से करिया की ओर जा रहा था तभी अज्ञात ट्रक की क्रॉसिंग लेते वक्त मोटर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे बाइक में सवार महिला एवं चालक घायल हो गए तभी पन्ना से जबलपुर की ओर जा रहे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हीतानंद शर्मा एवं सतना महापौर योगेश ताम्रकार ने घटना को देखकर तुरंत संवेदनशीलता दिखाते हुए घायल पड़े व्यक्ति एवं महिला को अपने वाहन के माध्यम से अमानगंज स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया साथ ही पूरे मामले की जानकारी महापौर योगेश ताम्रकार द्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष अमानगंज डॉ प्रशांत चतुर्वेदी को फोन से जानकरी दी जिसके बाद मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी ने अपने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचकर घायल पड़े मरीज के उपचार की समुचित इलाज की व्यवस्था करवाई प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल अरविंद के शरीर के कई अंगों के साथ पैर और हाथ में चोट आई है जिससे एक पैर एवं एक हाथ फैक्चर बताया गया है जिसे प्राथमिक उपचार देकर कटनी के लिए इलाज हेतू रिफर कर दिया है इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रसांत चतुर्वेदी , मण्डल महामंत्री प्रदीप अवस्थी समाजसेवी पत्रकार मुकेश पाठक गोरा मण्डल उपाध्यक्ष रणमत सिंह भजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ मण्डल अध्यक्ष अरुण तिवारी भाजपा युवा मोर्चा अंकित पाठक पत्रकार प्रेमनारायण शर्मा पत्रकार अमित दुवेदी पत्रकार रविन्द्र शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्राम सुनवानी कला के पशु औषधालय का नहीं खुलता ताला




**अमानगज।** ग्राम सुनवानी कलां कि पशु औषधालय ग्राम सुनवानी कलां व आसपास के गावो मे गाय भैंस व कोई भी पशु बीमार पड़ते है तो प्राईवेट पशु डॉक्टर को बुलाना पड़ता है क्योकि ग्राम सुनवानी कलां मे पदस्थ शासकीय पशु चिकित्सक का कोई अता पता भी नही है ग्राम सुनवानी कलां पशु औषधालय मे पदस्थ शासकीय पशु चिकित्सक पर कार्यवाही होना चाहिए ज़सिसे पशु औषधालय रोजाना खुले और ग्राम सुनवानी कलां व आसपास के ग्रामीणो को पशुओ के ईलाज के लिए यहां वहां न भटकना पड़े रोजाना अस्पताल न खुलने से और ईलाज के आभाव मे पशु दम तोड़ रहे है आखिर क्यो नही कुल रही है ग्राम सुनवानी कलां कि पशु औषधालय और किया जा रहा है शासकीय राशि का दुरूपयोग घर पर आराम फर्माते हुए पशुऔषधालय के चिकित्सक वेतन पा रहे कोई कार्यवाही न होने से कोई डर नही शासकीय विभागों का यदि वरिष्ठ अधिकारी ईमानदारी से समय पर निरिक्षण करें तो कोई भी विभाग हो इस प्रकार कि लापरवाही देखने को नही मिलेगी

## खबर संक्षेप



### डॉ शर्मा हरियाणा के केंद्रीय विश्वविद्यालय में 27 को देंगे व्याख्यान

**छतरपुर।** मानसिक विक्षिप्तों के सेवक डॉ संजय कुमार शर्मा इस माह की 27 तारीख को हरियाणा के केंद्रीय विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर व्याख्यान देंगे। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर एवं पत्रकारिता व दूरसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार ने डॉ संजय कुमार शर्मा को पत्र भेजकर कार्यशाला से अवगत कराया है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय से भेजे गए पत्र में मानसिक रोगियों के सेवक डॉ संजय कुमार शर्मा को अवगत कराया गया कि मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर पत्रकारिता सहित विविध विषयों में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं हेतु एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ के रूप में डॉ. शर्मा मानसिक विक्षिप्तों की दशा सुधारने के लिए शासन द्वारा निर्धारित किए गए कानून एवं अन्य प्रावधानों के बारे में जानकारी देंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले 35 वर्षों से मानसिक रोगियों की सेवा करने वाले डॉ शर्मा अब तक 11 सौ से अधिक मानसिक रोगियों को समाज की मुख्य धारा से जोडऩे में सफल रहे। हाल ही में उन्हें सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति के रूप में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राष्ट्रपति डॉ द्रौपदी मुर्मू ने डॉ शर्मा को प्रदान किया था। बुंदेलखंड गौरव से लेकर तमाम सम्मान हासिल करने वाले डॉ. शर्मा बिना किसी सहयोग के अपने कार्यों में निरंतर लगे हैं।

### प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने लिया बालाजी का आशीर्वाद



**छतरपुर।** प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने बागेश्वर धाम पहुंचकर बालाजी के दर्शन किए एवं महाराज श्री का आशीर्वाद लिया। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित देवेंद्र शास्त्री ने श्री मिश्र को रुद्राक्ष की माला भेंट करते हुए पट्टी का पहनकर सम्मान किया । उल्लेखनीय है कि विगत दिनों बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखी गई थी। वहीं सामूहिक कन्या विवाह महा महोत्सव के माध्यम से 251 बेटियों को परिणय सूत्र में बांधा गया था। इन दोनों वृहद कार्यक्रमों में पूर्व गृहमंत्री किन्हीं कारणों से शामिल नहीं हो पाए थे। दोनों कार्यों के निर्विघ्न संपन्न होने पर डॉ मिश्रा ने महाराज श्री को शुभकामनाएं देते हुए उनका आशीर्वाद लिया। महाराज श्री ने कहा कि बालाजी की कृपा से बागेश्वर धाम से निरंतर जन कल्याण के कार्य चल रहे हैं। यह बागेश्वर धाम के शिष्य मंडलों की ताकत है कि धाम से सभी कार्य निर्मित संपादित हो रहे हैं।

### समर्थन मूल्य पर तुअर (अरहर) विक्रय के लिए किसान पंजीयन केन्द्रों मे निःशुल्क पंजीयन कराएं

**25 मार्च से 20 अप्रैल 2025 तक होगा पंजीयन**

**छतरपुर।** भारत सरकार द्वारा खरीफ मौसम की तुअर फसल प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत किसानों का पंजीयन 25 मार्च 2025 से 20 अप्रैल 2025 तक किया जाना है। शासन द्वारा विपणन वर्ष 2024-25 में तुअर फसल 7550 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर खरीदी निर्धारित की गई है।उपसंचालक कृषि केके वैद्य ने किसानों से अपील है कि किसान तुअर (अरहर) फसल के लिए शासन की समर्थन मूल्य योजना का लाभ लें। ऐसे किसान (गेहूं, चना, मसूर एवं सरसों) की भांति तुअर फसल का भी पंजीयन केन्द्रां में 20 अप्रैल 2025 तक कराकर इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। पंजीयन के लिए आधार नम्बर, बैंक खाता, फसल बुवाई प्रमाण पत्र लेकर निःशुल्क पंजीयन करा सकते है और प्राइवेट साइबर केन्द्रो एवं कम्यूटर सेन्टर में भी शुल्क देकर पंजीयन करा सकते है।

## मसीबीयू की कुलगुरू का जमकर हुआ विरोध

# कांग्रेस युवा सेवा दल और विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन

छतरपुर

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय (एमसीबीयू) की कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी द्वारा ओरछा में मां सीता के ऊपर की गई टिप्पणी को लेकर पिछले दो दिनों से उनका विरोध हो रहा है। शुक्रवार को एक ओर कांग्रेस युवा सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा तो वहीं दूसरी ओर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन कर अपनो विरोध दर्ज कराया। इसके अलावा शुक्रवार को ही महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी की कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना पक्ष भी मीडिया के सामने रखा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी ने कहा कि उन्होंने जो बयान दिया था उसे तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है, उन्होंने मां सीता के व्यक्तित्व को लेकर कोई भी आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं की है। उन्होंने वीडियो में स्वयं के द्वारा कही गई बातों को पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया। अंत में उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनकी किसी बात से आम जन की भावनाएं आहत हुई हैं तो वे अपने शब्द वापस लेती हैं। जिस वक्त प्रो. शुभा तिवारी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहीं थीं उसी वक्त कांग्रेस युवा सेवा दल की विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष सचिन राजा चौहान के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता ज्ञापन लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपना विरोध दर्ज कराते हुए ज्ञापन सौंपा और कुलगुरू द्वारा माफी मांगे जाने की बात कही। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक राजदीप तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों छात्र-छात्राओं ने







विश्वविद्यालय में ही नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। यहां कुलगुरू ने स्वयं प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचकर उनकी बात सुनी और अपने शब्द वापस लेने की बात कही, जिसके बाद प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ता तथा छात्र-छात्राएं शांत हो गए।

### रामायण को नारीवाद से जोड़कर गलत व्याख्या करना दुर्भाग्यपूर्णः अभाविप

उक्त मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत कार्यालय मंत्री रोहित राय द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि- महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की कुलगुरु द्वारा ओरछा में आयोजित एक कार्यक्रम में वाल्मीकि रामायण और तुलसीदास कृत रामचरित मानस पर की गई टिप्पणियों और सीता माँ के चरित्र की गलत व्याख्या ने गहरी चिंता उत्पन्न की है। भारतीय संस्कृति और आस्था के केंद्र इन ग्रंथों को नारीवाद के चश्मे से देखकर उनकी आलोचना करना केवल एक बौद्धिक प्रयोग नहीं, बल्कि सांस्कृतिक मार्क्सवाद की वैचारिक प्रवृत्ति का हिस्सा प्रतीत होता है। इसी विचार के तहत पारंपरिक धार्मिक ग्रंथों को सत्ता संघर्ष और सामाजिक अन्याय की कथित कहानियों के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। इस विचारधारा का उद्देश्य परंपराओं और धार्मिक मूल्यों को चुनौती देना होता है, जिससे समाज में एक नया विमर्श स्थापित किया जा सके। अभाविप महाकोशल के प्रांत मंत्री माखन शर्मा और राष्ट्रीय मंत्री कु. शालिनी वर्मा ने कहा कि कुलगुरु महोदया द्वारा रामायण को नारीवाद से जोड़कर उसकी व्याख्या करना और रामचरितमानस पर सवाल उठाना न केवल धार्मिक ग्रंथों की पवित्रता पर आघात है, बल्कि यह हिंदू समाज की आस्था को भी ठेस पहुंचाने वाला कार्य है। यह वही निम्न स्तरीय सांस्कृतिक मार्क्सवाद है, जो भारतीय संस्कृति को नीचा दिखाने के प्रयास में लगा रहता है। भगवान श्री राम सीता माता पूरे विश्व में एकमात्र सर्वसमादृत व्यक्तित्व हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की कुलगुरु महोदया से सार्वजनिक रूप से समाचार माध्यमों पर आकर अपनी बात स्पष्ट करने तथा धार्मिक मान्यताओं पर ठेस पहुंचाने वाले अपने वक्तव्य पर माफी मांगने का मांग करती है।

### समाजसेवी युवाओं ने जलाया पुतला

शुक्रवार की शाम को जिला मुख्यालय के छत्रसाल चौराहे पर समाजसेवी युवाओं ने भी कुलगुरू के बयान की निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ ही युवाओं ने कुलगुरू का पुतला भी जलाया। समाजसेवी विक्की यादव ने कहा कि कोई भी व्यक्ति यदि हमारे आराध्य के चरित्र पर उंगली उठाएगा तो हम इसक पुरजोर विरोध करेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन से कुलगुरू के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है।

## एसपी ने की इस महीने के अपराधों की समीक्षा

# पुलिस ने शुरू किया बेटी की पेटी अभियान

छतरपुर।

पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा समस्त अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारी को लंबित शिकायतों , लंबित गंभीर व महिला संबंधी अपराधों के शीघ्रता से निकाल हेतु निर्देशित किया गया। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करें। जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत निगरानी, गुंडा बदमाशों, आदतन अपराधियों, जेल रिहाई आरोपी की निरंतर निगरानी हेतु निर्देशित किया गया।

आगामी दिनों में नवरात्रि ईद उल फितर महावीर जयंती सहित अन्य त्योहार हैं। सभी पुलिस अधिकारी अपने अपने बीट क्षेत्र में निरंतर भ्रमण करें। एकत्रित जानकारी बीट पुस्तिका में अंकित करें, वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएं। जनसंवाद, शांति समिति की बैठक एवं डीजे संचालक की बैठक सुनिश्चित करवाएं। त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित संपन्न हो, आवश्यक निर्देश दिए गए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता द्वारा छतरपुर पुलिस के नवाचार बेटी की पेटी अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस विषय में पुलिस अधिकारियों एवं महिला पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र की महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर एवं महिला अपराध के संबंध में जागरूक करने हेतु निर्देश दिए गए। क्षेत्र के स्कूल कॉलेज, विद्यालय, कोचिंग सेंटर एवं सार्वजनिक स्थलों में शिकायत पेटियां लगवाई जाएं, शिकायत पेटी के महत्व को बताया जाए। शिकायत पेटी में एकत्रित शिकायत पर शीघ्र कार्यवाही हेतु निर्देश दिए।

सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी एवं थाना, चौकी प्रभारी को क्षेत्र में निरंतर पेट्रोलिंग, जिले के सभी होटल, ढाबा, बस स्टैंड,चौराहों, सार्वजनिक स्थलों में सघन चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया। अनावश्यक घूम रहे अपराधिक प्रवृत्ति के लोग, अराजक तत्व एवं संदिग्ध के विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देश दिए।

अपराध समीक्षा बैठक में समस्त अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, एवं जिले के समस्त थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, संबंधित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुख्यात अपराधी का शॉर्ट एनकाउंटर कर पुलिस ने दबोचा

### हनुखेड़ा के जंगल में हुई पुलिस और अपराधी की मुठभेड़





**छतरपुर।** जिले के गौरिहार थाना इलाके में शुक्रवार को पुलिस ने 9 वर्षीय बच्ची की गोली मारकर हत्या करने वाले कुख्यात आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर कर उसे गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि हनुखेड़ा के जंगल में शुक्रवार की सुबह करीब 5 बजे कुख्यात अपराधी लक्खू उर्फ महेश्वरी दीन राजपूत ने पुलिस पर तीन राउंड फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी पांच राउंड फायर किए। पुलिस की गोली आरोपी के दाएं पैर के घुटने में लगी, जिससे वह जमीन पर गिर गया और पुलिस की पांच टीमों ने उसे धर दबोचा। घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से देर शाम हालत गंभीर होने के कारण उसे ग्वालियर रिफर कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि गौरिहार थाना क्षेत्र में दो दिन पहले गोली मारकर बच्ची की हत्या किए जाने का मामला सामने आया था। घटना के बाद अपराधी फरार थे, जिनकी तलाश पुलिस कर रही थी। शुक्रवार सुबह घटना के मुख्य आरोपी कितपुरा निवासी लक्खू उर्फ महेश्वरी दीन राजपूत के हनुखेड़ा के जंगल में होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीमें मौके पर पहुंची और उससे सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन लक्खू ने पुलिस पर फायरिंग शुरु कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायर किए, जिसमें से एक गोली लक्खू के पैर में लगी। पकड़े जाने के बाद लक्खू को घायल हालत में जिला अस्पताल लाया गया।

### दो दिन पहले हुई थी यह घटना

एएसपी विदिता डागर ने बताया कि लक्खू राजपूत पर हत्या और हत्या के प्रयास सहित 21 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह 15 दिन पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया था। 2 दिन पहले लक्खू हनुखेड़ा गांव गया था, जहां के एक घर में मौजूद महिला और बच्ची से गेट खोलने को लेकर उसका विवाद हो गया और इसके बाद आरोपी ने गोली चला दी जिससे 9 साल की बच्ची प्रन्सी प्रजापति घायल हो गई थी। बच्ची को यूपी के बांदा अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया था। गुरुवार की शाम को इलाज के दौरान प्रिन्सी की मौत हो गई।

## अचानक स्टार्ट हुई ढलान पर रखी कार

# चालक के ऊपर से गुजरी, मौत



**छतरपुर।** शुक्रवार को गढ़ीमलहरा कस्बे में एक अनोखा हादसा सामने आया, जिसमें एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई है। बताया गया है कि मृतक अपनी ही कार के पहिए के नीचे आकर घायल हो गया और उसकी मौत हो गई।

मृतक के परिजन अमित सिंह ने बताया कि उसके परिवार का राघवेन्द्र सिंह सेंगर उम्र करीब 50 वर्ष अपनी पत्नी ज्योति का इलाज कराने गढ़ीमलहरा के एक क्लीनिक पर गया था। क्लीनिक के पास ढलान पर उसने अपनी टवेरा कार पार्क की और जैसे ही वह कार से बाहर निकला अचानक कार स्टार्ट होकर चलने लगी। राघवेन्द्र कार को रोकने का प्रयास कर रहे थे तभी अचानक उनका पैर फिसल गया और कार का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया। घटना के दौरान राघवेन्द्र की पत्नी ज्योति कार में ही सवार थी। घटना के बाद राघवेन्द्र को जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# रक्तदान के प्रति जागरुक हो रहे लोग

### एक साल में साढ़े 8 हजार लोगों ने किया रक्तदान



**छतरपुर।** सरकार और जागरुक समाजसेवी संगठनों द्वारा चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। जिला अस्पताल से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक पिछले एक साल के भीतर जिले में लगभग साढ़े 8 हजार लोगों ने रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद की है। जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. आरती बजाज ने बताया कि 1 अप्रैल 2024 से 20 मार्च 2025 तक जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में कुल 8 हजार 584 लोगों ने रक्तदान किया है, जबकि ब्लड बैंक से 8 हजार 66 मरीजों को मदद मिली है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष में रक्तदान के लिए 23 शिविर लगाए गए।

## बैंक में असिस्टेंट मैनेजर बनेगी प्राक्षी सोनी

# ऑनलाइन कोचिंग लेकर की तैयारी, परीक्षा में मिली सफलता



**छतरपुर।** आम तौर पर देखा जाता है कि जिन बच्चों ने अपने माता-पिता को संघर्ष करते हुए देखा हो वे काफी आगे जाते हैं। ऐसी ही एक बेटी है हरपालपुर निवासी राजेन्द्र सोनी की, जिसने ऑनलाइन कोचिंग लेकर आईबीपीएस आरआरबी पीओ की परीक्षा पास कर अपने माता-पिता और नगर का नाम रोशन किया है। राजेन्द्र सोनी की पुत्री प्राक्षी सोनी अब बैंक में असिस्टेंट मैनेजर बनेगी।

प्राक्षी सोनी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और भाई को दिया है, जिन्होंने हर परिस्थिति में उसका हौसला बढ़ाया। प्राक्षी ने प्राइमरी शिक्षा हरपालपुर के ही एक निजी स्कूल से पूरी की तथा बीकॉम व एमकॉम की डिग्री उन्होंने शासकीय राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय से हासिल की है। डिग्री के बाद उन्होंने कुछ दिन छतरपुर में बैंकिंग की तैयारी की लेकिन लॉकडाउन में उन्हें वापिस हरपालपुर लौटना पड़ा। इसके बाद प्राक्षी ने ऑनलाइन कोंचिंग के मध्यम से तैयारी की। प्राक्षी की सफलता से संपूर्ण नगर में उत्साह का माहौल है, लोग उनके घर शुभकामनाएं देने पहुंच रहे हैं। वहीं उनके मित्र, शुभचिंतक और रिश्तेदारों द्वारा फोन के माध्यम से उन्हें शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

# एक साल में जिला अस्पताल के भीतर पकड़े गए धूम्रपान करने वाले 7 हजार लोग

### चालान काटकर अस्पताल प्रबंधन ने वसूले साढ़े 7 लाख




**छतरपुर।** पिछले लगभग ढाई वर्षों से जिला अस्पताल में नियमित रूप से चैकिंग कर धूम्रपान करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। पिछले एक वर्ष में चैकिंग करने वाली टीम द्वारा लगभग 7 हजार लोगों पर चालानी कार्रवाई कर साढ़े 7 लाख का जुर्माना वसूल किया गया।

जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. अशोक गुप्ता ने बताया कि जनवरी 2024 से दिसंबर 2024 तक जिला अस्पताल में धूम्रपान अथवा गुटखा, बीड़ी, सिगरेटी जैसी सामग्री के साथ कुल 6 हजार 969 लोग पकड़े गए, जिनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 7 लाख 60 हजार 200 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि सिविल सर्जन डॉ. जीएल अहिरवार के निर्देशन में नीरज मिश्रा, नगर सेना की टीम और जिला अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों की संयुक्त टीम द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर कार्रवाई कर 200 रुपए प्रति व्यक्ति जुर्माना की वसूली की जा रही है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष एकत्रित की गई राशि को भोपाल में जमा करा दिया गया है।

# कलेक्ट्रेट में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का हुआ आयोजन

### उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की दी गई जानकारी




**छतरपुर।** आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण भोपाल के निर्देशानुसार 21 मार्च 2025 को कलेक्ट्रेट छतरपुर के सभाकक्ष में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि निशा गुप्ता सदस्य, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधानों जैसे ई-जागृति पोर्टल एवं ई-दाखिल पोर्टल व अन्य जानकारी से उभोक्ताओं को अवगत कराया गया। अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ0 रामजी अग्रवाल द्वारा उपभोक्ता के हितों संबंधी जानकारी कार्यक्रम में दी गई। इसी संगठन के उप सचिव बी. के. पाठक एवं ब्रजेश तिवारी द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के विभाग संयोजक शैलेन्द्र मिश्रा द्वारा उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के बारे में एवं उपभोक्ताओं को जागृत करने के संबंध में आवश्यक जानकारी कार्यक्रम में दी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश चौबे द्वारा भी अपने विभाग एवं उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई तथा विभाग की ओर से जिला आपूर्ति अधिकारी सीताराम कोठारे द्वारा उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सुविधायें एवं शिकायत सुनने एवं उनके निराकरण के संबंध में जानकारी दी गई। अडानी गैस के प्रद्युमन मिश्रा द्वारा जिले में लगाई जा रही गैस की पाईप लाईन के संबंध में उपभोक्ताओं को जानकारी दी गई। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का कार्यक्रम "संधारनीय जीवन शैली के लिये उचित बदलाव की थीम पर मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक आपूर्ति अधिकारी जितेन्द्र बर्मन द्वारा किया गया कार्यक्रम में जिला लीड बैंक मैनेजर, जिला प्रबंधक म0प्र0स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो., वेयर हाउसिंग एण्ड लाजि. कार्पो. छतरपुर एवं समस्त कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, समस्त गैस एजेंसी संचलक, पेट्रोल पम्प संचालक इत्यादि जिले के नागरिक गणमान्य नागरिक एवं उपभोक्तागण उपस्थित रहे।



# एनटीपीसी विंध्याचल ने मनाया विश्व गौरैया दिवस 2025

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा परियोजना के सुभाष चन्द्र लेकपार्क में विश्व गौरैया दिवस (20 मार्च, 2025) पर, "प्रकृति के छोटे दूतों को एक श्रद्धांजलि" विषय के तहत एक सार्थक उत्सव का आयोजन किया गया। श्री ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) मुख्य अतिथि के रूप में और श्री संजीव मेहरा, क्षेत्रीय अधिकारी, एमपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। पर्यावरण प्रबंधन समूह (ईएमजी) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबन्धक(चिकित्सा)डॉ. बी सी चतुर्वेदी,महाप्रबंधक(प्रचलान एवं अनुरक्षण) श्री संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक(आर एल आई) श्री त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक(हरित रसायन एवं बी ई) श्री सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक(मेंटीनेंस एवं ए डी एम) श्री ए जे राजकुमार, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री) श्री डी के अग्रवाल, महाप्रबंधक(प्रचालन) श्री राजशेखर पाला, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) श्री राकेश अरोड़ा, अपर महाप्रबंधकगण सहित वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों की भागीदारी देखी गई।, जिन्होंने पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में गौरैया की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।एक प्रतीकात्मक संरक्षण प्रयास में, स्थानीय पक्षियों के आवास का समर्थन करने के लिए पेड़ों पर उपयुक्त अनाज से भरे पक्षियों के घोंसले और फीडर रखे गए थे। यह आयोजन गणमान्य व्यक्तियों को घोंसलों और फीडरों के वितरण के साथ संपन्न हुआ, जिससे गौरैया की रक्षा और जैव विविधता के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को मजबूत किया गया।
इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपर महाप्रबंधक(ई एम जी) श्री संजय प्रकाश यादव एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पुस्तक दान : एक छोटी पहल, बड़ा परिवर्तन

# कलेक्टर ने जिले की नवीन ग्रन्थालय (सेंट्रल लाइब्रेरी) के लिए प्रारंभ किया बुक डोनेशन ड्राइव

### कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से लाइब्रेरी के लिए किताबें जमा कराने की अपील की

छतरपुर



कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि हमारे जिले में सिंचाई कॉलोनी में एक नवीन लाइब्रेरी की शुरुआत होने जा रही है, जो शिक्षा और ज्ञान की रोशनी फैलाने का एक बेहतरीन अवसर है। जिसके लिए कलेक्टर श्री जैसवाल ने कहा कि यह लाइब्रेरी हर उम्र के लोगों के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत बने और ज्ञान की दुनिया में उनका मार्गदर्शन करे। इस लाइब्रेरी में नागरिकों के सहयोग से उपलब्ध पुस्तकों का उपयोग जिले के युवा व प्रतियोगी छात्रों को परीक्षाओं की तैयारी करने में एक सहायक कदम साबित होगा। लाइब्रेरी में उपलब्ध संसाधन बच्चों के लिये प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे- यू.पी.एस.सी., जेईई, नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये एक मार्गदर्शिका सिद्ध होगी।

साथ ही कलेक्टर ने कहा कि नागरिकों के पास यदि कोई किताबें हैं जो अब आप उपयोग नहीं करते या जिनसे आप जुड़े हुए ज्ञान को दूसरों के साथ साझा करना चाहते हैं, तो कृपया उन किताबों को हमारी नयी लाइब्रेरी को दान करने पर विचार करें या आप लाइब्रेरी को अपनी तरफ से किसी भी विषय वस्तु की नवीन पुस्तकें दान कर सकते हैं। हर किताब, चाहे वह किसी भी विषय की हो, किसी न किसी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकती है। एवं जिसके लिए आपका दान न केवल हमारे शहर के शिक्षा स्तर को ऊंचा करेगा, बल्कि कई बच्चों और युवाओं को अपनी राह चुनने और नई संभावनाओं की ओर बढऩे में मदद करेगा।

जिलेवासियों से अपील की है कि कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 37 में 24 मार्च, 2025 से किताबें डोनेट कर सकते हैं जिसके लिए हम आपके सहयोग की अपेक्षा करते हैं।

## विद्युत कर्मियों की सजगता से बची विद्युत लाइन

**रीवा** । मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) की 132 के.व्ही. रीवा (जेपी -अल्ट्राटेक) बघवार लाइन के छुहिया घाटी स्थित टावरों से चोरी हुये पाट्‌र्स (एंगल) का एम.पी. ट्रांसको की ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स टीम ने समय पर पता लगा लिया। टीम की इस सजगता और सतर्कता के कारण समय रहते क्षेत्र में लंबे विद्युत व्यवधान के साथ घने जंगल में भीषण आग लगने की आशंका को टाला जा सका। यह लाइन न केवल सीमेंट प्लांट को विद्युत आपूर्ति करती है, बल्कि इससे सिल्परा 220 के.व्ही. सबस्टेशन रीवा को भी विद्युत मिलती है। उल्लेखनीय है कि विगत कई माह से इस लाइन के टावर पाट्‌र्स की चोरी हो रही थी। जिसके कारण उक्त लाइन के क्षतिग्रस्त होने की नौबत आ गई थी, यदि समय पर इन चोरी किये गये टावरों के पाट्‌र्स के स्थान पर नये पाट्‌र्स नही लगाये गये होते तो बघवार, पिपरावँ, सरदा, मलगॉव, पटना, धौरहरा क्षेत्र के अनेक गांव के निवासियों को महीनों बिना बिजली के रहना पड़ सकता था। साथ ही घने जंगलों से गुजरने वाली यह लाइन क्षतिग्रस्त होने पर वृक्षों पर गिरती तो न केवल जंगल में आग लगने का निश्चित खतरा रहता बल्कि इससे बड़े क्षेत्र में जनधन हानि की आंशका पैदा हो जाती। चूंकि इस लाइन के नीचे से अनेक 33 एवं 11 के.व्ही. की लाइने भी गुजरती है जिसके कारण यह लाइनें भी क्षतिग्रस्त होती, जिससे बडे इलाके में लंबे समय तक विद्युत व्यवधान हो सकता था। ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स की टीम द्वारा उक्त लाइन की लगातार रात्रिकालीन पेट्रोलिंग कराई गई, साथ ही घाटी के आसपास के क्षेत्र में टावर पाट्‌र्स की तलाशी भी की गई। एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों द्वारा लाइन पेट्रोलिंग एवं निरीक्षण के दौरान कुछ टावर पाट्‌र्स स्थानीय कबाड़ की दुकानों में पाये गये जिसकी सूचना तत्काल चौकी प्रभारी, पुलिस चौकी पिपरावँ जिला सीधी को दी गई एवं पुलिस टीम के साथ जाकर कई स्थानों से टावर पाट्‌र्स बरामद किये गये। इसी तरह 132 के.व्ही. रीवा-(जेपी -अल्ट्राटेक) बघवार लाइन से चोरी कर घरों एवं दुकानों में लगाये गये दो दर्जन से अधिक टावर पाट्‌र्स को भी पुलिस एवं लाइन स्टाफ की मदद से निकलवाया गया।

### चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस ने जप्त किए थे साइलेंसर

# मोडिफाइड साइलेंसर पर यातायात पुलिस का चला बुलडोजर

**रीवा**। शहर में यातायात पुलिस ने गुरुवार को जय स्तंभ चौराहे पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 105 मोडिफाइड साइलेंसर जब्त कर उन्हें बुलडोजर से नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई सड़क पर बढ़ते ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से की गई। पुलिस के अनुसार, शहर में इन दिनों कई युवा अपनी बाइकों में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज में वाहन चला रहे थे, जिससे आम जनता को परेशानी हो रही थी, यातायात थाना प्रभारी अनीमा शर्मा ने बताया कि शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन रोकने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश से लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान बुलेट जैसी बाइकों से मोडिफाइड साइलेंसर अधिकतर पाए जा रहे थे, जिन्हें जब्त कर लिया गया। गुरुवार को 105 साइलेंसरों को नष्ट किया गया। शर्मा ने नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग न करें। उन्होंने कहा कि ऐसा करने पर जुर्माना भी हो सकता है।




इसके साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि तेज आवाज के कारण हृदय रोग और उच्च रक्तचाप के मरीजों को परेशानी हो सकती है। यातायात पुलिस का कहना है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि शहर में शांति और सुरक्षा बनी रहे।

### पूर्व में भी नष्ट किए गए थे मॉडिफाई साइलेंसर

बता दें कि पूर्व में भी यातायात पुलिस ने चेकिंग के दौरान जप्त किए गए मॉडिफाई साइलेंसरों को बुलडोजर चलकर नष्ट किए थे, और ऐसे चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी यातायात पुलिस द्वारा की गई थी उसके बावजूद युवाओं में मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर बुलेट गाड़ी चलाना शौक बन चुका है जो रीवा जिले में दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है इस पर नियंत्रण करने के लिए यातायात पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

## निर्माणाधीन सीएम राईज विद्यालय भवनों का कार्य तत्परता से पूर्ण करायें : कलेक्टर



**रीवा** । कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले में निर्माणाधीन सीएम राईज विद्यालय भवनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि तत्परता पूर्वक कार्य को गति देते हुए समय सीमा में सभी कार्य पूर्ण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित एसडीएम समन्वय बनाकर आने वाली भूमि संबंधी रूकावटों को दूर करायें।

कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने मनगवां में निर्माणाधीन सीएम राईज भवन की अद्यत स्थिति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में बताया गया कि जून 2025 तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। त्योंथर में भवन कार्य फिनिशिंग स्तर पर है। कलेक्टर ने रघुराजगढ़ के भवन के पूर्व के डिमार्केशन को यथावत रखने तथा आसपास के अतिक्रमण को हटाकर अवरोध दूर करायें। उन्होंने रायपुर कर्चुलियान भवन के प्रवेश मार्ग के अवरोध को निराकृत कराकर सेमरिया व सिरमौर में विद्यालय भवन कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सीएम राइज विद्यालय के निर्माण हेतु परिसर में पूर्व के भवनों को परीक्षा उपरांत रिक्त करावायें ताकि वहां नवनिर्मित भवन व अन्य आवश्यक कार्य करायें जा सकें। बैठक में एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी, एसडीएम सेमरिया राजेश सिन्हा, एसडीएम त्योंथर संजय जैन, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, कार्यपालन यंत्री पीआईयू के.के. तिवारी, सहायक यंत्री संजीव कालरा सहित विभागीय अधिकारी व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रही।

# अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर आश्रित को मिलेंगे दो लाख रुपए

**रीवा** । जिले में विभिन्न कारणों से बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में कई व्यक्ति अपनी जान गवां देते हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का भी जीवन कठिन हो जाता है। अब तक अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को सोलेशियम फण्ड से 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती थी।

इसके स्थान पर हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ति प्रतिकर योजना 2022 लागू की गई है। इस योजना से अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर मृतक के आश्रितों को दो लाख रुपए की सहायता राशिा दी जाएगी। गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। योजना की मानीटरिंग के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इसमें पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है,कलेक्टर इस समिति में एक स्वयंसेवी सदस्य को नामांकित करेंगे। बीमा कंपनी के अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर पीड़ति व्यक्ति तहसीलदार अथवा एसडीएम को निर्धारित प्रपत्र में सहायता राशि के लिए आवेदन प्रस्तुत करेंगे। आवेदन पत्र के साथ दावाकर्ता के बैंक खाते की छायाप्रति, अस्पताल में उपचार कराने के बिल, घायल अथवा मृतक की पहचान तथा पता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके साथ-साथ पुलिस में दर्ज एफआईआर की प्रति, दावा करने वाले की पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रमाण पत्र, मौत की स्थिति में पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं गंभीर चोट होने पर एमएलसी रिपोर्ट देना आवश्यक होगा। इसका आवेदन करने पर संबंधित जाँच दावा अधिकारी तहसीलदार अथवा एसडीएम 30 दिवस में अपनी जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर इस रिपोर्ट पर 15 दिवस में आवश्यक कार्यवाही कर पीड़ति को सहायता राशि का भुगतान कराएंगे तथा परिवहन आयुक्त को रिपोर्ट प्रेषित करेंगे।

## अनुसूचित जाति के चार उम्मीदवारों को प्रोत्साहन राशि मंजूर

### उम्मीदवारों को मिलेगी 80 हजार रुपए की राशि

**रीवा** । शासन द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति के उम्मीदवारों के प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने पर उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस संबंध में जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग कमलेश्वर सिंह ने बताया कि नीट परीक्षा में सफल होने पर दो उम्मीदवारों को 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। ज्योति साकेत निवासी ग्राम उमरी जिला रीवा को बुंदेलखण्ड मेडिकल कालेज सागर में प्रवेश लेने पर 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई है। नागेन्द्र साकेत निवासी ग्राम पड़री के मेडिकल कालेज सतना में प्रवेश लेने पर 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई है। इसी तरह मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में दूसरी बार सफलता प्राप्त करने पर सुनील कुमार ग्राम दुआरी तहसील त्योंथर को 10 हजार रुपए तथा विपिन कुमार दीपांकर ग्राम बड़ागांव तहसील सेमरिया को पहली बार सफलता प्राप्त करने पर 20 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई है। लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार में सफल होने पर भी पृथक से प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

## नेत्रहीन विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**रीवा**। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में एवं न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में यमुना प्रसाद शास्त्री नेत्रहीन विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिव्यांग बालक-बालिकाओं को दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 एवं दिव्यांगों हेतु नालसा सालसा के योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सचिव द्वारा दिव्यांग बालक-बालिकाओं से संवाद कर उनसे आवासीय दिव्यांग विद्यालय में सुविधाओं की उपलब्धता के विषय में जानकारी ली गई। उन्होंने नेत्रहीन आवासीय विद्यालय एवं मूक बधिर आवासीय विद्यालय का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लीगल एड. असिस्टेंट अनीश पाण्डेय ने मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर दिव्यांग आवासीय विद्यालय के प्राचार्य उदय प्रकाश मिश्रा, रामउदय तिवारी, शंकर प्रसाद मिश्रा, दिव्यांग छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## शहर के 50 युवाओं को दिया गया डेंगू मलेरिया उन्मूलन का प्रशिक्षण

**रीवा** । संचारी रोगों से बचाव के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया और डेंगू के बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ रीवा शहर में मलेरिया और डेंगू रोधी दस्ता गठित किया गया है। इसमें शामिल 50 युवाओं को डेंगू और मलेरिया के नियंत्रण तथा उन्मूलन का दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। युवाओं को जिला मलेरिया कार्यालय की ओर से शाखा द्विवेदी तथा दिवाकर मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। युवाओं को एम्बेड परियोजना की क्षेत्रीय समन्वयक कंचन सिंह तथा मास्टर ट्रेनर दिव्यांश पाण्डेय द्वारा भी प्रशिक्षण दिया गया।

## तरबूज से लोड ट्रक ब्रेक फेल होने से पलटा, खलासी की मौत, ड्राइवर गंभीर घायल

### सोहागी पहाड़ पर हुआ सड़क हादसा



**रीवा**। जिले के प्रयागराज हाइवे पर स्थित सोहागी पहाड़ पर गुरुवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। तरबूज से लोड ट्रक ब्रेक फेल होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सुबह करीब 9 बजे उस समय हुआ जब ट्रक प्रयागराज की ओर जा रहा था।मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक का ब्रेक फेल हो गया था, जिससे ट्रक करीब 5 किलोमीटर तक अनियंत्रित चलता रहा और बाद में सड़क के किनारे पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रक में सवार खलासी की मौत हो गई। वहीं, ड्राइवर को गंभीर चोटें आई हैं और उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही त्यौंथर चौकी प्रभारी संजीव शर्मा ने अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाया। घटना स्थल पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने पहुंचकर हालात का जायजा लिया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मचुर्री भेजा। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, और ट्रक के ब्रेक फेल होने के मामले में क्या लापरवाही थी, इसका पता लगाया जा रहा है।

# फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले मामले में पुलिस ने पत्नी और सास को भेजा जेल

### इंस्टाग्राम में लाइव वीडियो बना युवक ने सास और पत्नी को मौत का ठहराया था जिम्मेदार

**रीवा**। जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र के नौढिय़ा गांव में 13 मार्च के दिन एक युवक ने फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली थी, वही जिसपर पुलिस n मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही थी, वही मौत के समय का एक वीडियो सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर वायरल हुआ। युवक ने अपने मौत को लाइव वीडियो बनाया और आत्महत्या से पहले इंस्टाग्राम पर लाइव आकर युवक ने पत्नी पर मानसिक प्रताडऩा के आरोप लगाए और बोला की उसकी आत्महत्या करने की वजह उसकी पत्नी व सास है। जिसके बाद पूरे घटनाक्रम को देखते रह गए और युवक ने फांसी के फंदे में झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली घटना के बाद सोशल मीडिया में वायरल हुई लाइव वीडियो को सिरमौर पुलिस ने जांच में लिया और मामले में सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नौढिय़ा निवासी शिव प्रकाश त्रिपाठी पुत्र सत्यप्रकाश त्रिपाठी 25 वर्ष की पत्नी प्रिया त्रिपाठी उम्र 24 वर्ष और उसकी सास गीता दुबे पत्नी स्व.विनायक दुबे उम्र 60 वर्ष को पकड़कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दियाा है। बताया गया कि पूंछतांछ में सामने आया कि मृतक की पत्नी ज्यादातर मायके में ही रहती थी जबकि पति-पत्नी के पारिवारिक जीवन में सांस का अत्यधिक इंटरफेयर था। जिसके चलते पति परेशान रहता था होली के एक दिन पहले वह अपनी पत्नी को बुलाने ससुराल पहुंचा था लेकिन सास ने अपनी बेटी को भेजने से मना कर दिया जिसके बाद लाइव वीडियो के साथ युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। और अपनी मौत का जिम्मेदार सास और पत्नी को ठहराया था जिसके बाद बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।



## परशुराम एकता मंच ने गड़रा गांव में हुए दोहरे हत्याकांड मे शोक संवेदना व्यक्त की

**मऊगंज**। जिले के हनुमना तहसील के गड़रा ग्राम में दोहरी हत्याकांड में शहीद ब्राह्मण पुलिसकर्मी और ब्राह्मण युवक की हत्या का मामला क्षेत्र के जनमानस और कानून व्यवस्था को झकझोर देने वाला है जिसमे निर्मम हत्या कर कानून को अपने हाथ में लेकर आरोपियों द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया था इस मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया पुलिस पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ इस घटना को बारीकी से जांच कर रही है ब्राह्मण युवक की हत्या पर मऊगंज के युवा ब्राह्मण परशुराम मंच जिला इकाई मऊगंज के अध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विपिन शुक्ला ब्राह्मण युवा नेता नरेंद्र तिवारी कवि ब्राह्मण मंच संघ के सदस्य रूद्र मणि मिश्रा ने मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की है संघ अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले और पुलिस प्रशासन निष्पक्ष रूप से अपनी कार्रवाई करें हम सब ब्राह्मण इस घटना की घोर निंदा करते हैं और क्षेत्र की जनमानस से उम्मीद रखते हैं कि समाज में ऐसी वारदातें दोबारा घटित ना हो।

# महिला बाल विकास का हाल बदहाल, अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्रों में लटका रहता है ताला

### रीवा शहर से सुपरवाइजरों द्वारा की जा रही मॉनिटरिंग, अधिकारी भी मीटिंग तक सीमित

**मऊगंज**। जिलेभर मे सभी विभागों के एक जैसे हालात हैं जिसमे महिला बाल विकास का हाल पूर्णरूप से बदहाल है। जमीनी स्थिति देखी जाए तो अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्रों में आए दिन ताले लटके देखे जाते हैं उधर केंद्र सुचारू रूप से चलाने के लिए शासन की योजना का फायदा हर हितग्राही को नही मिल रही है जबकि इसके लिए सभी जगह सेक्टर सुपरवाइजरों की नियुक्त है। लेकिन देखा यहां यह जा रहा है कि जिले के अधिकतर महिला बाल विकास सेक्टरों में पदस्थ सुपरवाइजर ब्लॉक स्तरीय या सेक्टर स्तरीय मुख्यालय में रहना तो दूर जिला ही नहीं बल्कि दूसरे जिला यानी रीवा शहर में बैठकर मॉनिटरिंग कर रहे है जिसका परिणाम है कि शासन की जनकल्याणकारी योजना को जमीनी रूप नहीं मिल पा रहा है उधर जिम्मेदार ब्लॉक एवं जिले में बैठे अधिकारी भी महज मीटिंग तक सीमित रह गए हैं।

### नौकरी सेक्टर में निवास रीवा शहर

महिला बाल विकास में पदस्थ अधिकतर सुपरवाइजरों का निवास रीवा शहर होने के कारण उनका ब्लॉक स्तरीय मुख्यालय एवं सेक्टर में जाना हफ्ते में दो से तीन दिन ही होता है, निरीक्षण अधिकारी द्वारा नियमित निरीक्षण न किए जाने एवं खुद मुख्यालय की जगह नियम विरुद्ध 70 किलोमीटर दूर रीवा शहर में निवास करने के कारण आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी अपनी ड्यूटी निभाने में रुचि नहीं ले रही है। जिसके चलते आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन नियमित एवं सुचारु रूप से नहीं हो रहा है जिसका परिणाम यह है कि शासन की योजनाओं का लाभ भी हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा है। इस विषय कि यदि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जांच कराई जाए तो सब कुछ



सामने आ जाएगा की किस तरह से फर्जी किरायानामा पेश कर ब्लॉक एवं सेक्टर स्तर में मुख्यालय दिखाकर जिम्मेदार सुपरवाइजर शहर में डेरा डाले हुए हैं

### अधिकारियों एवं कर्मचारियों के एक जैसे हालात

जिम्मेदारों द्वारा कार्य के प्रति शिथिलता के कारण महिला बाल विकास की स्थिति कुछ इस कदर है कि अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्रों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी सुपरवाइजर एवं अन्य अधिकारियों की राह पर चलते हुए मुख्यालय में निवास ना करते हुए मऊगंज एवं रीवा शहर में रहकर हर माह का वेतन उठा रही है। देख यह जा रहा है कि कई जगह तो आंगनबाड़ी सहायिका केंद्र को संचालित कर रही है तो कई केंद्रो में स्थान का अभाव दिखाकर अपने घरों में केंद्र खोलकर शासकीय भवनों में ताला लटका कर कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी से दूरी बना रही हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों के जमीनी हालात की परख लेने फील्ड मे निरीक्षण करने पर पाया गया कि विभाग की व्यवस्था अनुकूल नहीं मिली नईगढ़ी विकासखंड के देवरिहन गांव ग्राम पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में दोपहर 12 बजे ताला लटका मिला, इस विषय को लेकर ग्रामीणों ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र के भवन में ताला लटका कर केंद्र को अपने घर में संचालन करती है शासकीय आंगनवाड़ी भवन में अभी भी ताला लटका हुआ है केंद्र कहां संचालित है ग्रामीणों ने इस विषय की जानकारी पर असमर्थता जाहिर की। इधर आंगनबाड़ी केंद्र चंदेह तो खुला मिला लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ता एवं बच्चे गायब मिले। कुछ इस तरह का मामला चंदेह एवं देवरिहन गांव का ही नहीं बल्कि विभाग के अधिकारियों द्वारा सत्य निष्ठा के साथ निरीक्षण किया जाए तो जिले के एक दो नहीं बल्कि नईगढ़ी, मऊगंज ,हनुमना मुख्यालय सहित सैकड़ो ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र मिलेंगे जहां आदेशों का पालन नहीं हो रहा है। यहां सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर आंगनबाड़ी केंद्र नियमित क्यों नहीं खोले जाते सवाल यह भी उठता है कि क्या विभाग के अधिकारी एवं सेक्टर सुपरवाइजर निरीक्षण के नाम पर खाना पूर्ति कर रहे हैं। स्थिति किन कारणों के चलते इतनी खराब चल रही है ? महिला बाल विकास की बिगड़ी व्यवस्था का जिम्मेदार कौन है ? यह तो जांच उपरांत ही पता चलेगा! लेकिन जमीनी हालत देख कर साबित होता है कि महिला बाल विकास में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है।